## रिक्त स्थानों को भरें

Q.1 आधुनिक युग की प्रगति का श्रेय ............... को ही है।

Q.2 मुद्रा हमारी अर्थव्यवस्था की ............... है।

Q.3 मुद्रा के विकास का इतिहास मानव-सभ्यता के विकास का ............... हैं।

Q.4 एक वस्तु के बदले में दूसरी वस्तु के आदान-प्रदान को ............... प्रणाली कहा जाता है।

Q.5 मुद्रा का आविष्कार मनुष्य की सबसे बड़ी ............... है।

Q.6 मुद्रा, विनिमय का ............... है। *[BSEB 2011]*

Q.7 प्लास्टिक मुद्रा के चलते विनिमय का कार्य ............... हो गया है।

Q.8 मुद्रा एक अच्छा ............... है।

Q.9 आय तथा उपभोग का अन्तर ............... कहलाता है।

Q.10 साख का मुख्य आधार ............... है।

## • Answers •

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. मुद्रा | 2. जीवन-शक्ति | 3. इतिहास | 4. वस्तु-विनिमय | 5. उपलब्धि |
| 6. माध्यम | 7. सरल | 8. सेवक | 9. बचत | 10. विश्वास |

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**Q.1 वस्तु-विनिमय क्या है?** *BSEB 2021, 2019, 2017]*

**उत्तर :** मुद्रा के बिना प्रत्यक्ष रूप से किसी एक वस्तु का दूसरी वस्तु के साथ लेन-देन, वस्तु विनिमय प्रणाली कहलाता है। उदाहरण के लिए, कपड़ा से बर्तन बदलना, एक गाय देकर 15 बकरियाँ लेना आदि।

**Q.2 मौद्रिक प्रणाली क्या है?** *[BSEB 2020]*

**उत्तर :** जब हम किसी वस्तु या सेवा के बदले मुद्रा के रूप में भुगतान करते हैं, तो इस प्रणाली को मौद्रिक प्रणाली कहा जाता है। मौद्रिक विनिमय प्रणाली में विनिमय का सारा कार्य मुद्रा की सहायता से होता है। इस प्रणाली के आविष्कार से वस्तु विनिमय प्रणाली की सारी कठिनाइयों का समाधान हो गया।

CamScanner

**Q.3 मुद्रा की परिभाषा दें।** *[BSEB 2017]*

**उत्तर :** सामान्य स्वीकृति प्राप्त विधि ग्राह्य (legal tender) एवं स्वतंत्र रूप से प्रचलित कोई भी वस्तु जो विनिमय के रूप में कार्य करती है, मुद्रा कहलाती है।

नैप (Knapp) ने मुद्रा को परिभाषित करते हुए कहा है कि "कोई भी वस्तु जो राज्य द्वारा घोषित की जाती है, मुद्रा कहलाती है। सेलिगमैन के अनुसार" मुद्रा वह वस्तु है जिसे सामान्य स्वीकृति प्राप्त है।"

**Q.4 ATM क्या है?** *[BSEB 2019, 2018, 2012]*

**उत्तर :** ATM अंग्रेजी भाषा के शब्द Automated Teller Machine का संक्षिप्त रूप है। इसका प्रयोग रुपया निकालने एवं जमा करने के लिए किया जाता है।

ATM में पैसा निकालने के लिए बैंक द्वारा एक ATM कार्ड जारी किया जाता है। यह कार्ड प्लास्टिक का बना होता है और इसमें धातु की एक चिप लगी रहती है जिस पर बैंक एकाउन्ट से सम्बन्धित सभी विवरण दर्ज रहते हैं।

**Q.5 क्रेडिट कार्ड (Credit Card) क्या है?** *[BSEB 2018]*

**उत्तर :** क्रेडिट कार्ड एक प्लास्टिक मुद्रा है। यह वित्तीय संस्थानों द्वारा जारी किया जाता है, जो कैशलेस भुगतान उपकरण के रूप में कार्य करता है। यह उधार ली गई धनराशि के सिद्धान्त पर कार्य करता है और आपको उस धन तक पहुँच प्रदान करता है जो आपने वास्तव में अर्जित नहीं किया है जबकि आप इसका प्रयोग वर्तमान में वस्तुओं एवं सेवाओं के भुगतान के लिए कर सकते हैं। क्रेडिट कार्ड के माध्यम से निर्धारित धनराशि के अन्दर वस्तुओं और सेवाओं की खरीदारी की जा सकती है।

**Q.6 बचत क्या है?** *[BSEB 2017, 2016]*

**उत्तर :** आय में से उपभोग सम्बन्धी व्यय के घटाने के पश्चात् जो धन बाकी रह जाता है, उसे बचत कहा जाता है। बचत आय पर निर्भर करती है। सामान्यतः आय के बढ़ने पर बचत बढ़ती है और आय के कम होने पर बचत भी कम होती है।

**बचत = आय − उपभोग**

**Q.7 साख क्या है?** *[BSEB 2015]*

**उत्तर :** साख वह विश्वास है जो एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष को धन या सम्पत्ति प्रदान करने की अनुमति देता है जिसमें दूसरा पक्ष पहले पक्ष को तुरन्त प्रतिपूर्ति नहीं करता है, लेकिन बाद में उन धन या सम्पत्ति को चुकाने का वादा करता है। प्रो. जीड के अनुसार "साख एक ऐसा विनिमय है जो एक निश्चित अवधि के बाद भुगतान करने के बाद पूरा हो जाता है।"

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**Q.1 वस्तु विनिमय प्रणाली की कठिनाइयों पर प्रकाश डालें।**

**उत्तर :** पेज संख्या 20 और 21 देखें।

**Q.2 मुद्रा के कार्यों पर प्रकाश डालें।** *[BSEB 2017, 2012]*

**उत्तर :** पेज संख्या 21 और 22 देखें।

**Q.3 मुद्रा के आर्थिक महत्त्व पर प्रकाश डालें।** *[BSEB 2015, 2014, 2013]*

**उत्तर :** अगर मुद्रा को वर्तमान समाज से हटा दिया जाए तो हमारी सारी आर्थिक व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो जाएगी। आधुनिक आर्थिक व्यवस्था में मुद्रा का महत्त्व निम्नलिखित है-

→ मुद्रा विनिमय का एक सरल साधन है जिसके कारण व्यापार का फैलाव तेजी से संभव हो पाया है।
→ मुद्रा के कारण ही किसी देश के आर्थिक विकास की दर मापी जा सकती है।
→ मुद्रा ने उपभोक्ता और उत्पादक दोनों को बाजार में अपनी स्वतंत्र निर्णय लेने में सक्षम बनाया है।
→ मुद्रा के कारण ही लोगों में बचत की प्रवृत्ति जागृत हुई है, जिससे पूँजी निर्माण दर बढ़ा है।

**Q.4 मुद्रा के विकास पर प्रकाश डालें।**

**उत्तर :** पेज संख्या 22 देखें।

**Q.5 साख पत्र क्या है? कुछ साख पत्रों पर प्रकाश डालें।**

**उत्तर :** पेज संख्या 23 और 24 देखें।



CamScanner

## कुछ महत्वपूर्ण वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**Q.1 विनिमय का सर्वोत्तम माध्यम क्या है?** *[BSEB 2016]*
(क) वस्तु (ख) चैक (ग) प्रतिज्ञा पत्र (घ) मुद्रा

**Q.2 साख का अर्थ है?** *[BSEB 2016]*
(क) विश्वास करना (ख) ऋण लौटाने की क्षमता (ग) (क) और (ख) दोनों (घ) इनमें से कोई नहीं

**Q.3 भारत का केन्द्रीय बैंक कौन है?** *[BSEB 2017]*
(क) रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (ख) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (ग) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (घ) पंजाब नेशनल बैंक

**Q.4 निम्नलिखित में से कौन–सा संस्थान भारत में मुद्रा जारी करने के लिए अधिकृत है?** *[BSEB 2021]*
(क) रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (ख) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (ग) संसद (घ) राष्ट्रपति

**Q.5 मुद्रा का प्राचीनतम रूप है?**
(क) वस्तु-मुद्रा (ख) पत्र मुद्रा (ग) प्लास्टिक मुद्रा (घ) धातु मुद्रा

**Q.6 मुद्रा का प्रमुख कार्य है–**
(क) विनिमय का माध्यम (ख) मूल्य संचय (ग) स्थगित भुगतानों का मान (घ) उपर्युक्त सभी

**Q.7 निम्नलिखित में से कौन साख पत्र है?**
(क) यात्री चेक (ख) बैंक ड्राफ्ट (ग) प्रतिज्ञा पत्र (घ) सभी

**Q.8 निम्नलिखित में से कौन साख का मुख्य आधार नहीं है?**
(क) विश्वास (ख) चरित्र (ग) चुकाने की क्षमता (घ) बैंक ड्राफ्ट

**Q.9. ATM का पूर्ण रूप क्या है?**
(क) Any Time Money (ख) All Time Money
(ग) Automated Teller Machine (घ) इनमें से कोई नहीं

**Q.10. एक रुपये के कागजी नोट पर किसका हस्ताक्षर होता है?**
(क) रिजर्व बैंक के गवर्नर का (ख) स्टेट बैंक इंडिया के चेयरमैन का (ग) वित्त सचिव का (घ) प्रधानमंत्री का

**Q.11. 'टका' किस देश की मुद्रा है?**
(क) पाकिस्तान (ख) नेपाल (ग) बांग्लादेश (घ) म्याँमार

**Q.12. 'रूबल' किस देश की मुद्रा है?**
(क) अमेरिका (ख) रूस (ग) जापान (घ) स्वीडेन

**Q.13. "जिस तरह यंत्रशास्त्र में चक्र, विज्ञान में अग्नि और राजनीतिशास्त्र में वोट का स्थान है, वही स्थान मानव के आर्थिक जीवन में मुद्रा का है।" यह कथन किसका है?**
(क) क्राउथर का (ख) हार्टले विद्र्स का (ग) कोलबर्न का (घ) सेलिगमैन का

**Q.14. निम्नलिखित में से कौन वस्तु विनिमय की कठिनाई नहीं है?**
(क) आवश्यकता के दोहरे संयोग का अभाव (ख) मूल्य के सामान्य मापक का अभाव
(ग) मूल्य संचय का अभाव (घ) इनमें से कोई नहीं

### Answers

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (घ) | 2. (ग) | 3. (क) | 4. (क) | 5. (क) | 6. (घ) | 7. (घ) | 8. (घ) | 9. (ग) | 10. (ग) |
| 11. (ग) | 12. (ख) | 13. (क) | 14. (घ) | | | | | | |

CamScanner

## कुछ महत्वपूर्ण प्रश्न

**Q.1 सिक्का मुद्रा में क्या दोष थे?**

**उत्तर :** सिक्का मुद्रा में निम्नलिखित दोष थे-

→ इन्हें एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाने में कठिनाइयाँ होती थीं।

→ सिक्कों की शुद्धता की जाँच करने पर हर जाँच में इसे खुरचने, छीलने और इसके भार में कमी के कारण व्यापारीगण इनकी शुद्धता और भार पर संदेह करने लगे।

→ कुछ लोगों ने सिक्कों में मिलावटी धातुओं का भी इस्तेमाल करना प्रारम्भ कर दिया।

**Q.2 ऋणदाता दीर्घकालीन ऋण देने से क्यों घबराते हैं?**

**उत्तर :** निम्नलिखित कारणों से ऋणदाता दीर्घकालीन ऋण देने से घबराते हैं-

→ दीर्घकाल में ऋणी की भुगतान की क्षमता में परिवर्तन होने की सम्भावना रहती है।

→ लम्बे समय में ऋणी का चरित्र परिवर्तन हो सकता है।

→ ऋणी के आर्थिक स्थिति में भी परिवर्तन होने की सम्भावना रहती है।

**Q.3 किसानों को साख अथवा ऋण की आवश्यकता क्यों पड़ती है?**

**उत्तर :** किसानों को साख अथवा ऋण की आवश्यकता निम्नलिखित कारणों से पड़ती है-

→ उर्वरक, बीज, कीटनाशक आदि के खरीद के लिए।

→ कृषि से संबंधित उपकरणों की खरीद के लिए।

→ पशुपालन, मछलीपालन एवं मजदूरों को मजदूरी देने के लिए।

**Q.4 बचत को निर्धारित करने वाले तत्वों की विवेचना करें।** *[BSEB 2021]*

**उत्तर :** बचत को निर्धारित करने वाले तीन प्रमुख तत्व निम्नलिखित हैं-

I. **बचत करने की योग्यता :** बचत तभी सम्भव है, जब व्यय से अधिक आय हो। गरीब बचत इसलिए नहीं कर पाते क्योंकि उनकी सारी आय अपने दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति में ही खत्म हो जाती है। पूर्व निर्धारित बजट के अनुसार व्यय करने से बचत को प्रोत्साहन मिलता है।

II. **बचत करने की इच्छा :** बचत करने की इच्छा रखने पर ही मनुष्य बचत कर सकता है। बचत करने की शक्ति या क्षमता रहने पर भी अगर लोगों में बचत करने की इच्छा नहीं है, तो बचत करना सम्भव नहीं हो सकता है। जो लोग दूरदर्शी होते हैं वे अक्सर बचत करते हैं।

III. **बचत करने की पर्याप्त सुविधाएँ :** देश के अन्दर शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था, विनियोग के साधन, सुदृढ़ मुद्रा-प्रणाली, प्राकृतिक स्थिति आदि बचत की सुविधाओं के अंतर्गत आते हैं। सुविधाओं के रहने पर ही लोगों में बचत करने को प्रोत्साहन मिलता है।

## JUDGE YOURSELF

**Q.1 दो रुपये या इससे अधिक के सभी कागजी नोट किस बैंक द्वारा जारी किया जाता है?**

(क) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा
(ख) सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा
(ग) रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा
(घ) बैंक ऑफ इंडिया द्वारा

**Q.2 निम्नलिखित में से कौन-से नोट को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा जारी नहीं किया जाता है?**

(क) 200 रुपये के नोट
(ख) 500 रुपये के नोट
(ग) 1000 रुपये के नोट
(घ) 2000 रुपये के नोट

**Q.3 अमेरिका की मुद्रा है-**

(क) रूबल
(ख) येन
(ग) डॉलर
(घ) क्रोना

**Q.4 मुद्रा एवं साख पत्र में क्या अन्तर है?**

**Q.5 देश में नोट छापने का कार्य किस बैंक द्वारा किया जाता है?**

CamScanner